हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 35.6 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

11 धान की सीधी बिजाई पर प्रोत्साहन राशि मिलेगी



12 शिविर में 1576 में से 368 का समाधान और 1208 लंबित



## खबर संक्षेप



**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर गांव में पंचायती जमीन में हुए अवैध कब्जे को हटाती जेसीबी। *फोटो : हरिभूमि*

### पंचायती जमीन पर अवैध कब्जे छुड़वाए

**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर गांव में पंचायती जमीन में हो रहे अवैध कब्जे को प्रशासन ने जेसीबी की मदद से हटवाया दिया। मंगलवार को बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार गजे सिंह के नेतृत्व में पुलिस दल जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचा और पंचायती जमीन पर किए गए कब्जे को छुड़वाया। कब्जाधारी खेड़ी गांव के धर्मबीर, सेठपाल, लिछा, रामधन, ब्रह्मा, ओमा व जुगती उर्फ लेखू पिछले 25 सालों से गांव की 18 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा कर खेती कर रहे थे। उन्हें पहले भी पंचायती जमीन में अवैध कब्जा छोड़ने के आदेश दिए थे, उसके बावजूद भी कब्जाधारी द्वारा खेती की जा रही थी। नायब तहसीलदार गजे सिंह ने चेताया कि यदि पंचायती जमीन पर फिर से कब्जा करने का प्रयास किया गया तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज भी करवाया जाएगा। पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा करने वालो को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जाएगा। अगर किसी गांव में पंचायती जमीन पर ग्रामीणों ने कब्जा किया हुआ है तो उसे खुद खाली कर दें अन्यथा कार्रवाई होगी।

### मोबाइल डिस्पेंसरी से होगी कांवड़ियों की सेवा

**सोनीपत।** शिव युवा शक्ति संघ की बैठक रविवार को विकास नगर स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। अध्यक्षता संघ के कानूनी सलाहाकार एडवोकेट जितेंद्र कुमार व सलाहकार डा. मनोज राय ने की। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि संघ द्वारा कावड़ियों के लिये 24वां दवाई कैंप लगाया जा रहा है। जिसके तहत मोबाइल डिस्पेंसरी द्वारा कावड़ियों की सेवा की जाएगी। इसके लिये सेवादारों, दवाइयों, डॉक्टर, फार्मासिस्ट की टीम का गठन किया गया है।

### ठेके पर सेल्समैन से हजारों रुपये छीने

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव नाथूपुर में स्थित शराब ठेके के सैलसमेन से चाकू की नौक पर हजारों रुपये की राशि के लूटने का मामला सामने आया है। गांव भाग खेड़ा जींद निवासी जसबीर ने बताया कि वह नाथूपुर में स्थित शराब ठेके पर बतौर सेल्समैन की नौकरी करता है। 1 जुलाई शाम को ठेके पर ब्रिकी कर रहे थे। उसी दौरान तीन लड़के मोटरसाइकिल पर आए। एक लड़के ने उसका कॉलर पकड़ लिया। चाकू लगाकर उसे गेट खोलने के लिए कहा। उसने डर के चलते गेट को खोल दिया। अंदर आते ही उसके बाद गल्ला पेटी से 88 हजार रुपये की राशि लेकर फरार हो गए। वह ठेकेदार का इंतजार करता रहा।

### शिक्षा विभाग ने मांगी जिले के स्कूलों में सरप्लस शिक्षकों की स्थिति

# किसी स्कूल में नहीं रहेगी शिक्षकों की कमी, सरप्लस होंगे समायोजित

- जिले के पांच स्कूल ऐसे, जहां सिर्फ 1-1 शिक्षक ही कार्यरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय स्कूलों में शिक्षा को लेकर विभाग अब सतर्क होता जा रहा है। इसी वजह से आए दिन किसी ना किसी योजना के तहत विद्यार्थियों के पढ़ाई को स्तर को सुधारने की कोशिश जारी रहती है। इसी कड़ी में अब शिक्षकों की कमी को दूर करने का प्रयास भी किया जा रहा है। इसके तहत शिक्षा विभाग ने स्कूलों में शिक्षकों का डाटा मांगा है। जिसके तहत ऐसे स्कूलों की पहचान की जाएगी, जहां पर शिक्षक अधिक संख्या यानि सरप्लस में हैं। ऐसे स्कूलों से शिक्षकों को उन स्कूलों में भेजा जाएगा, जहां पर शिक्षकों की कमी है। ओवर आल जिले में सौ से अधिक शिक्षक सरप्लस हैं। राजकीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए सरकार ने पीआरटी और पीजीटी की भर्ती की है। वर्तमान समय में काफी स्कूलों में शिक्षक सरप्लस हैं, जबकि कुछ स्कूलों में शिक्षकों की संख्या शून्य या एक है। ऐसे में शिक्षा विभाग ने स्कूलों में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए ऐसे स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत सभी स्कूलों में कुल पद और कार्यरत शिक्षकों का ब्योरा मांगा है, ताकि सरप्लस शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में समायोजित किया जा सके। जिले पांच स्कूल ऐसे हैं, जहां केवल 1-1 शिक्षक ही कार्यरत है। वहीं सरकार की गाइडलाइन के अनुसार स्कूल में कम से कम एक शिक्षक होना चाहिए। हालांकि ऐसी स्थिति में अगर शिक्षक अवकाश या प्रशिक्षण पर चला जाए तो स्कूल में पढ़ाने वाला कोई नहीं होता। ऐसी स्थिति में सभी स्कूलों में कम से कम दो शिक्षकों की नियुक्ति होना अनिवार्य है।

#### यह है जिले के प्राथमिक स्कूलों की स्थिति

| खंड | विद्यार्थी | कुल पद | कार्यरत शिक्षक | सरप्लस शिक्षक |
|---|---|---|---|---|
| गन्नौर | 2414 | 98 | 132 | 34 |
| गोहाना | 1304 | 55 | 77 | 22 |
| कथूरा | 714 | 29 | 42 | 13 |
| खरखौदा | 295 | 12 | 19 | 07 |
| मुंडलाना | 1626 | 64 | 93 | 29 |
| राई | 1107 | 43 | 56 | 13 |
| सोनीपत | 1303 | 51 | 71 | 20 |
| कुल | 8763 | 352 | 490 | 138 |

#### 771 स्कूलों में 138 शिक्षक सरप्लस

रिपोर्ट से पता चलता है कि जिले में कुल 138 शिक्षक सरप्लस हैं। शिक्षा अधिकारियों ने जिले में 771 प्राथमिक स्कूल चिह्नित किए हैं, जिनमें 138 शिक्षक सरप्लस हैं। इन स्कूलों में 8763 विद्यार्थियों पर शिक्षकों के 352 पद हैं। जिन पर 490 शिक्षक कार्यरत हैं।

#### रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजी

शिक्षा विभाग ने जिले के ऐसे स्कूलों की रिपोर्ट मांगी है, जिनमें शिक्षकों की संख्या सरप्लस है। इसके साथ ही जीरो व एक शिक्षक संख्या वाले स्कूलों को भी चिह्नित करना है। इसकी रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजी है। जिले में पांच प्राथमिक स्कूल ऐसे हैं, जिनमें एक शिक्षक है। सरप्लस शिक्षकों को जीरो या फिर एक शिक्षक वाले स्कूलों में समायोजित किया जाएगा।
**जितेंद्र कुमार**, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत।

#### इन स्कूलों में महज एक शिक्षक

| खंड | स्कूल |
|---|---|
| गन्नौर | राजकीय प्राथमिक पाठशाला, समसपुर गामड़ा |
| खरखौदा | राजकीय प्राथमिक पाठशाला, मौजम नगर |
| खरखौदा | राजकीय प्राथमिक पाठशाला, तुर्कपुर |
| मुंडलाना | राजकीय प्राथमिक पाठशाला, हुड्डा वाला |
| राई | राजकीय प्राथमिक पाठशाला, मणिपुर |

## बिजली चली जाने से लिफ्ट में फंसा बुजुर्ग, सांसें फूली

- लोगों ने दिया सहारा तब जाकर आई बुजुर्ग की जान में जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** लघु सचिवालय के प्रथम तल पर लिफ्ट के बाहर फर्श पर बैठा कृष्ण।

लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय के लगभग सामने गोहाना से आए एक बुजुर्ग के जान आफत में आ गई थी। बुजुर्ग लघु सचिवालय की लिफ्ट में सवार होकर तीसरी मंजिल से नीचे आ रहा था। अचानक से लाइट चली गई और बुजुर्ग लिफ्ट में फंस गया। जब तक बुजुर्ग लिफ्ट से निकाल पाए, तब तक बुजुर्ग की सांसें फूल चुकी थी। ऐसे में कुछ लोगों ने इन्हें सहारा दिया और सचिवालय की पहली मंजिल के फर्श पर ही बिठा दिया।

बता दें कि गोहाना के वजीरपुरा निवासी कृष्ण बुढ़ापा पेंशन बनवाने के लिये मंगलवार को लघु सचिवालय पहुंचे थे। सचिवालय की तीसरी मंजिल पर पेंशन से संबंधित काम करवाकर कृष्ण वापस लिफ्ट में नीचे जा रहे थे कि दोपहर लगभग 1 बजे अचानक से लाइट चली गई। जिसकी वजह से लिफ्ट रूक गई। लाइट ना होने के कारण लिफ्ट में लगा हुआ पंखा भी नहीं चला। जिसके कारण बुजुर्ग की सांसें फूल गई। कुछ समय में लिफ्ट पहली मंजिल पर आकर खुली तो कृष्ण बेसुध हालात में बाहर आ गिरा। आसपास मौजूद लोगों ने कृष्ण को संभाला और पानी पिलाया। इसके बाद कृष्ण काफी देर तक फर्श पर ही बैठे रहे। कुछ देर बाद हालात सामान्य हुई तो घर के लिये रवाना हुए। लघु सचिवालय के प्रथम तल पर उपायुक्त कार्यालय और लिफ्ट से कृष्ण प्रथम तल पर ही बेसुध हुआ था। लगभग 15 मिनट तक यहां गहमागहमी बनी रही। किसी अधिकारी या सरकारी कर्मचारी ने किसी तरह की जहमत नहीं उठाई। ये तो शुक्र है वहां कुछ महिलाएं अपने काम से आई हुई थी, उन्होंने पानी पिलाकर कृष्ण की मदद कर दी, नहीं तो हादसा बड़ा हो सकता था। बता दें कि इससे पहले भी कई बार लघु सचिवालय की लिफ्ट में लोग फंस चुके हैं।

## पार्षदों ने चुनाव कानूनगो के साथ बैठक कर रखी अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** नगरपालिका के सभागार में इलेक्शन कानूनगो पूजा शर्मा पार्षदों की शिकायत सुनते हुए।

नगरपालिका के सभागार में मंगलवार को पार्षदों व शहर के बीएलओ की बैठक हुई। बैठक में नपाध्यक्ष अरुण त्यागी व इलेक्शन कानूनगो पूजा शर्मा उपस्थित रही। बैठक के दौरान पार्षदों ने इलेक्शन कानूनगो पूजा शर्मा को मतदाता सूची में त्रुटियों के बारे में अवगत करवाया। लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूचि में खामियों के चलते लोगों को परेशानी हो रही है। गांधी नगर में जिस स्कूल में पोलिंग बूथ बनाया गया था वह बंद हो जाने के कारण वार्ड के मतदाताओं को फाटक पार शहर के बूथें पर शिफ्ट कर दिया गया। ऐसे में लोगों को वोट डालने में काफी परेशानी उठानी पड़ी। इसके अलावा गढ़ी केसरी के काफी मतदाताओं का पोलिंग बूथ भी गन्नौर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में शिफ्ट कर दिया गया, जो गढ़ीकेसरी से काफी दूर पड़ता है। इसके अलावा कई दूसरे वार्डों में भी इस तरह की परेशानी सामने आई। उन्होंने कहा कि अगर विधान सभा चुनाव से पहले मतदाता सूचि को ठीक नहीं किया गया तो मतदाताओं को फिर से बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ेगा और मतदान प्रतिशत में भी बहुत कमी आएगी। इलेक्शन कानूनगो ने उनकी शिकायत सुनने के बाद आश्वासन दिया कि गढ़ी केसरी के पोलिंग बूथ को फिर से गढ़ी केसरी के राजकीय स्कूल में शिफ्ट करवा दिया जाएगा।

## शहरी ठेका सफाई कर्मियों ने शुरू की भूख हड़ताल

- ठेका कंपनी के प्रबंधक पर कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** विरोध प्रदर्शन करते ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन के सदस्यगण।

सीटू से संबंधित शहरी ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन के कर्मचारियों ने ठेका कंपनी के खिलाफ भूख हड़ताल शुरू की है। पीसीसी कंपनी के खिलाफ 10 दिवसीय भूख हड़ताल के पहले दिन की अध्यक्षता अजय कुमार टाक ने की। इस दौरान यूनियन सचिव नवीन कुमार ने बताया कि निगम के अधिकारियों तथा पीसीसी कंपनी के प्रबंधक द्वारा वार्ड 1 से 10 में लगे ठेका सफाई कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। कर्मचारियों को तानाशाही दिखाते हुए दबाने का काम किया जा रहा है। कई बार ज्ञापन देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, इसीलिये भूख हड़ताल शुरू की गई है। सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि निगम के अधिकारी व पीसीसी कंपनी के द्वारा नगर निगम को लूटा जा रहा है। जनता के साथ सफाई के नाम पर धोखा किया जा रहा है स्वच्छता अभियान का दिखावा दिखा के करोड़ों रुपए की लूट की जा रही है। टेंडर के एग्रीमेंट के हिसाब से सफाई कर्मचारी नहीं लगाए गए। कम कर्मचारियों से काम करवाया जा रहा है। निगम के अधिकारी, ठेकेदार मिल बाटकर के करोड़ों का रुपए गबन किए जा रहे हैं। सफाई कर्मचारियों को ना तो समय पर वेतन मिलता है ना सफाई के औजार का प्रबंध है। सीटू वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा, आंगनबाड़ी यूनियन की जिला प्रधान सोना देवी ठेका सफाई कर्मचारियों की भूख हड़ताल का समर्थन करने धरनास्थल पर पहुंचे। सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने धरनास्थल पर बैठे कर्मचारियों को संबंधित किया। इस मौके पर ठेका सफाई कर्मचारी को सुनीता देवी, मदन, अमित टाक, सोनू टाक, सन्नी, अमित, पवन ने भी कर्मचारियों को संबंधित किया।

#### नगर निगम में धरना जारी

**सोनीपत।** ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग बली सेना के बैनर तले ठेका सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम में विरोध प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। सबसे पहले ठेका सफाई कर्मचारी रेस्ट हाउस के सामने एकत्रित हुए। जहां से सभी नारेबाजी करते हुए नगर निगम कार्यालय पहुंचें। इस दौरान सभी ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। ठेका सफाई कर्मचारियों ने पे रोल पर लेने की मांग उठाई। कर्मचारियों ने बताया कि 2018 में प्रदेश सरकार ने नगर निगम, पालिका और परिषद में लगाए गए ठेका सफाई कर्मचारियों को पे-रोल पर करने के निर्देश जारी किए गए थे। जिसके बाद अब 2024 भी आ गया है, इसके बावजूद अभी तक ठेका सफाई कर्मचारियों को पे-रोल पर नहीं लिया गया। इसी वजह से ठेका सफाई कर्मचारियों में रोष है। प्रदर्शन की अध्यक्षता उपप्रधान रविंद्र ने की और संचालन सचिव सावन कुमार ने किया। सभी पदाधिकारियों ने विचार रखे।

### बिजली कर्मी 24 जुलाई को जिला मुख्यालय पर देंगे धरना



गोहाना। बैठक को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेता सुरेश यादव।

**गोहाना।** मंगलवार को ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर यूनियन से जुड़े पदाधिकारियों की बैठक बरोदा रोड स्थित यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में विचारविमर्श के बाद यूनियन पदाधिकारियों ने अपनी लंबित मांगें पूरी करवाने के लिए 24 जुलाई को सोनीपत जिला मुख्यालय पर धरना देकर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। बैठक का संचालन सब यूनिट सचिव जितेंद्र शर्मा ने किया। अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ गोहाना इकाई के सचिव और ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के केंद्रीय कमेटी के नेता सुरेश यादव ने की। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए पिछले कई साल से संघर्ष कर रहे हैं लेकिन सरकार मांगों को पूरा नहीं कर रही है। मांगें पूरी न करने से कर्मचारियों में भारी रोष है। यादव ने कहा कि कर्मचारी अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए आंदोलन तेज करेंगे। इस कड़ी में 24 जुलाई को सोनीपत में जिला मुख्यालय पर सभी विभागों के कच्चे व पक्के कर्मचारी धरना देकर प्रदर्शन करेंगे। वे बोले कि सरकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करे, रिक्त पदों पर नई भर्तियां की जाएं और वेतन विसंगतियां दूर की जाएं। बैठक में जोगेंद्र नरवाल, हरदीप, अमन, अमित कुमार, वीरेंद्र चोपड़ा, कश्मीर और दीपक मौजूद रहे।

## रेलमार्ग करीब 7 घंटे तक रहा प्रभावित, यात्री रहे परेशान

- तरावड़ी स्टेशन पर मालगाड़ी बेपटरी होने से रुका रेल मार्ग
- कई ट्रेनों को किया गया रद तो कई के बदले रूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग के तरावड़ी स्टेशन पर मंगलवार तड़के मालगाड़ी के बेपटरी होने से करीब सात कंटेनर रेलवे ट्रैक पर गिर गए, जिससे करीब 7 घंटे तक रेलवे यातायात बाधित रहा। इस हादसे में ट्रैक के साथ ओएचई लाइन भी क्षतिग्रस्त हुई है। हादसे के बाद लंबी दूरी की ट्रेनों को अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर रोकना पड़ा। रेलवे ने स्थिति को देखते हुए दिल्ली-कुरुक्षेत्र व कुरुक्षेत्र दिल्ली रूट पर चलने वाली छह ट्रेनों को रद्द कर दिया, जबकि नौ गाड़ियों को अन्य रूट से गुजारा गया। अंबाला-दिल्ली रूट पर आवागमन करने वाले यात्री सोनीपत स्टेशन पर इंतजार करते रहे। अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग के तरावड़ी स्टेशन पर मंगलवार सुबह 4:26 बजे अंबाला से दिल्ली की तरफ जा रही मालगाड़ी के पहिए ट्रैक से उतर गए। जिससे मालगाड़ी पर रखे सात कंटेनर ट्रैक पर गिर गए। इनमें से एक कंटेनर ओएचई के खंभे से टकराने के कारण अप-डाउन की ओएचई लाइन टूट गई और ट्रैक भी क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके चलते रेलवे ने अंबाला-दिल्ली रूट अप-डाउन लाइन पर चलने वाली करीब छह गाड़ियों को रद्द कर दिया। इनमें कुरुक्षेत्र से दिल्ली रूट पर चलने वाली एचएनके व केडीएम सवारी गाड़ी व दिल्ली से अंबाला से की ओर जाने वाली शान-ए-पंजाब शामिल रही। साथ ही करीब नौ ट्रेनों को दूसरे मार्ग से गुजारा गया। करीब 10 ट्रेनों का संचालन आधे से तीन घंटे की देरी से किया गया।

#### व्यवस्था ठीन होने पर रेलवे यातायात सुचारू

करनाल के पास तरावड़ी में हादसे की वजह से कई सवारी गाड़ियों को रद करना पड़ा। वहीं कई के रूटों को बदला गया है। कुछ गाड़ियों को मार्ग बदलकर चलाया गया। अप-डाउन लाइन पर व्यवस्था को ठीक करवाने के बाद रेलवे यातायात को सुचारू कर दिया गया है। करीब सात घंटे तक रेल मार्ग अवरूद्ध रहा है।
**दीपक कुमार**, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, दिल्ली।

### भारतीय किसान पंचायत की बैठक का आयोजन

# पटवारियों का समय तय करे प्रशासन

- समय पर पटवारियों के न मिल पाने से लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** बैठक करते हुए भारतीय किसान पंचायत के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

भारतीय किसान पंचायत की मासिक मीटिंग छतर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग में किसानों व आमजन के सामने आ रही समस्याओं पर चर्चा हुई। इसमें पटवारियों का समय तय करना, किसानों को आठ घंटे बिजली सप्लाई, एमएसपी व कर्ज से मुक्ति प्रमुख रूप से शामिल रही।

मीटिंग में पदाधिकारियों ने बताया कि आमजन इतनी तेज धूप व गर्मी में पटवारखाने में चक्कर लगा लगा परेशान हों रहें हैं। काफी समय से पटवारी अपनी सीटों पर नहीं मिल रहें। बहाना बना रहे हैं कि फील्ड में गए हुए हैं। अगर फील्ड का कार्य है तो आमजन के लिए एक निश्चित समय भी पटवारियों को सीट पर बैठने का समय तय किया जाए। अगर किसी को पटवारी से कार्य है तो वो समय तक पटवार खाने में अपना कार्य करवा सकता है। वहीं किसानों को आठ घंटे कि बिजली का नियम बिजली महकमे ने बना रखा है। लेकिन जब बिजली में बीच-बीच में सात घंटे कि बिजली में कट घंटों में व कम ज्यादा लग जाते हैं तो वह कट वालीं बिजली को पूरा किया जाए।

इसके अलावा तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने पर सरकार अपना एमएसपी व कर्ज मुक्ति का वायदा पूरा करें। इस मौके पर छतर सिंह, महेन्द्र, सचिन, सुबेदार, देवेन्द्र आदि मौजूद रहे।

### पेंट फैक्ट्री में लगी आग कई घंटे बाद पाया काबू

**खरखौदा।** फिरोजपुर बांगर गांव के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक पेंट फैक्ट्री में सोमवार की रात को अज्ञात कारणों से आग लग गई। सूचना पर खरखौदा व राई दमकल केंद्र से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची, जिन्होंने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। एआर इंटरप्राइजेज की प्रेम पेंट फैक्टरी फिरोजपुर बांगर के औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित है। जिसमें सोमवार की रात के आग लग गई। आग लगने पर वहां पर मौजूद सुरक्षा गार्ड ने मामले की सूचना दमकल केंद्र को दी। सूचना पाकर सैदपुर चौकी प्रभारी जलजीत भी मौके पर पहुंचे और दमकल कर्मियों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इस दौरान खरखौदा के साथ ही राई दमकल केंद्र से भी एक दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची।

## ऊंट पर बैठकर अर्धनग्न होकर मांगेंगे अधिकार

- जिला परिषद पार्षदों को भी अधिकार दिए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने सरपंचों की तर्ज पर जिला परिषद पार्षदों को भी अधिकार दिए जाने की मांग को लेकर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। संजय बड़वासनिया ने कहा कि 10 जुलाई को जिला परिषद की बैठक प्रस्तावित है। बैठक में वे ऊंट पर बैठकर आएंगें और अर्ध नग्न होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिला पार्षद ने कहा कि पंचायती राज की सबसे बड़ी संस्था जिला परिषद है। इसके बावजूद यहां पर पार्षदों को कोई अधिकार नहीं है। 50 हजार से अधिक मतदाताओं का क्षेत्र होने के बावजूद जिला पार्षद के पास कोई कोटा नहीं है। वहीं विधायकों को प्रति वर्ष 5 करोड़ रुपये विकास कार्यों पर खर्च करने के लिये मिलते हैं। जिला परिषद का पार्षद अपने वार्ड में 1 रुपया भी नहीं खर्च सकता। उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ पंचायती राज को मजबूत करने की बात कह रही है दूसरी तरफ जिला पार्षदों को कोई भी अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने विकास कार्यों के लिये कोटा या सालाना कम से कम 50 लाख रुपये अपनी मर्जी से विकास कार्यों पर खर्च करने की मांग उठाई।

### गाड़ी चालक और हेल्पर से मारपीट, नकदी लूटी

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के बारोटा सड़क मार्ग पर गाड़ी चालक व उसके हेल्पर से मारपीट कर हजारों रुपये की राशि छीनने व गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। गांव खांडा खेड़ी निवासी सूरजमल ने बताया कि वह 1 जुलाई को वह करीब 7.30 बजे अपने हेल्पर सुबेसिंह के साथ बारोटा ब्रेड कंपनी में सामान लेने के लिए जा रहा था। अपने मालिक से उसने 40 हजार रुपये की राशि ली थी। वह बारोटा-कंपनी रोड पर पहुंचा। उसी दौरान पीछे से एक गाड़ी आई। उसमे चार-पांच लड़के उतकर आए। सभी ने डंडों से हमला कर दिया। उसे व उसके हेल्पर से मारपीट की। उसके बाद गाड़ी की तलाशी लेने लगे। गाड़ी के डेस्कबोर्ड में रखी 40 हजार रुपये की राशि को छीन लिया।



# अजय देवगन की फिल्में दूरदर्शन पर होंगी प्रसारित

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन देश का पहला चैनल है, जिसने हमें सिनेमा और समाचार से जोड़ा। बचपन में हम सभी दूरदर्शन पर आने वाले कार्यक्रमों का इंतजार करते थे। खासकर, शनिवार और रविवार को प्रसारित होने वाली फिल्में तो दर्शक बहुत चाव से देखते। अब वैसा ही दौर इस चैनल पर फिर आने वाला है। इस बार खास सेवाएं हैं अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए। दूरदर्शन अपने दर्शकों और अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए एक विशेष प्रसारण करने जा रहा है। डीडी नेशनल पर हर शुक्रवार और शनिवार को अजय देवगन की सुपरहिट फिल्मों को दिखाया जाएगा।



लाइफ Style

# देवलीना

## किरदार का प्रकार रखता है मायने

मुंबई की फिल्म नगरी ऐसी है कि यहां शोहरत पाने के बाद बड़े बड़े सितारे अपनी जमीन को भूल जाते हैं। लेकिन, छोटे परदे की सुपरस्टार देवोलीना भट्टाचार्जी अपनी जमीन, अपनी मिट्टी नहीं भूली हैं। असम में बनी हिंदी फिल्म 'कूकी' में उनके अभिनय की खूब तारीफ हो रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


एक छोटी सी मुलाकात में उनसे चार बातें हुईं और उसी दौरान चली चर्चा में वह बोलीं, 'मेरे लिए किरदार का प्रकार मायने रखता है। परदे का आकार मेरे लिए मायने नहीं रखता...!' राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफडी) की स्नातक देवोलीना के लिए अभिनय बस एक सपने जैसा ही रहा। गुरुग्राम से पढ़ाई करने वह दिल्ली में फैशन तकनीक सीख रही थीं जब उन्हें एक मशहूर जेवरात कंपनी ने अपने यहां नौकरी ऑफर कर दी। मुंबई आई तो वह इसी नौकरी के लिए ही थीं, लेकिन भरतनाट्यम की प्रशिक्षित नर्तकी देवोलीना के 'डांस इंडिया डांस 2' के लिए दिए गए ऑडिशन ने उन्हें दिला दिया धारावाहिक 'सवारे सबके सपने प्रीतो'। इसके बाद तो 'बिग बॉस' में उनकी हैट्रिक बनी। 'साथ निभाना साथिया' की गोपी बहू ने उन्हें देश के घर घर तक पहुंचाया और शोहरत का सातवां आसमान उन्होंने लगातार नापा। देवोलीना को हाल ही में बड़े परदे पर फिल्म 'कूकी' में देखा गया। असम में बनी इस हिंदी फिल्म के लिए इसकी निर्माता जुन्मोनी ने जैसी ही देवोलीना की मदद मांगी, असम के शिवसागर में ही जन्मी देवोलीना तुरंत तैयार हो गईं।

## हॉलीवुड मसाला



# फिल्म देख रोने लगते हैं लोग

**लॉस एंजिलिस।** थाईलैंड में एक फिल्म आई है। नाम है हाऊ टू मेक मिलियन बिफोर ग्रैंडमां डाएज। इस फिल्म को अब दुनियाभर में देखा जा रहा है और जहां भी ये फिल्म रिलीज हो रही है वहां की जनता इसे देख काफी इमोशनल हो जा रही है। ऐसा सामने आया है कि इस फिल्म को देखने के बाद थिएटर में लोग इतना रो रहे हैं कि उन्हें टीशू पेपर की जरूरत पड़ जा रही है। इस मूवी की बात करें तो इसमें एक बूढ़ी दादी मां के दृष्टिकोण से एक परिवार की कहानी दिखाई गई है।



# मिली ने 20 साल की उम्र में गुपचुप रचाई शादी

**लॉस एंजिलिस।** 20 साल की मिली बॉबी ब्राउन ने अपने 22 साल के बॉयफ्रेंड जेक बोनजियोवी से शादी कर ली है। दोनों ने बेहद गुपचुप तरीके से शादी की। उनकी शादी पिछले हफ्ते हुई पर किसी को भी इसकी भनक नहीं लगी। अब रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि स्ट्रेंजर्स थिंग्स की स्टार ने अपना घर बसा लिया है। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड को अपना हमसफर बनाया है। जेक मॉडल हैं. वो मशहूर संगीतकार जॉन बोन जोवी के बेटे हैं। मिली और जेक काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और अब दोनों ने शादी कर ली है। इन दोनों स्टार की शादी में ज्यादा तामझाम नहीं किया गया। दोनों के बेहद करीबी दोस्त और परिवार वाले ही इस शादी में शामिल हुए थे।



# डिप्रेशन के दिनों को याद कर छलका दर्द

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री आलिया भट्ट की बहन शाहीन भट्ट की खासियत ये है कि उनका अपना अनुभव उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा सबक बन चुका है। उनको हादसों ने पाला है। और, उनका हर एक चलन निराला है। वह मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में, अपने मानसिक स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म 'हियर कम्स द सन' पर लेखिका ने एक वीडियो का एक अंश साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें लगता था कि कुछ गड़बड़ है और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वह दूसरे आम बच्चों की तरह नहीं हैं। शाहीन ने कहा, 'डिप्रेशन तब शुरू हुआ जब मैं बहुत छोटी थी। मैं लगभग 12 साल की थी। उस समय, कोई भावनात्मक सपोर्ट नहीं थी। जब मैं बड़ी हो रही थी, तब भी डिप्रेशन के बारे में बात नहीं की जाती थी।'



# विजय ने निगेटिव रोल में पाई शोहरत

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय वेब सीरीज 'मिर्जापुर' का तीसरा सीजन जल्द ही प्रीमियर होने वाला है। इस नए सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज को पसंद करने वाले दर्शकों की सूची काफी लंबी है, जो इसके नए सीजन को लेकर काफी उत्साहित भी नजर आ रहे हैं। हाल में ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिस पर दर्शकों ने काफी प्रतिक्रिया भी दी थी। इस सीरीज में अभिनेता विजय वर्मा जुड़वा भाइयों की दोहरी भूमिका में नजर आए हैं। इस का दूसरा सीजन एक ऐसे मोड़ पर खत्म हुआ था, जिसने दर्शकों को सोच में डाल दिया था कि छोटे भाई की मौत हुई थी या बड़े भाई की। बॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले विजय वर्मा हैदराबाद के एक मारवाड़ी परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

## टीवी मसाला



# जुलाई में शुरू होंगे नए धमाकेदार टीवी सीरियल्स

**नई दिल्ली।** जुलाई के महीने में कई टीवी शोज की शुरुआत होने वाली है। इन टीवी शोज की कहानी इतनी दमदार है कि यह 'अनुपमा' जैसे पॉपुलर टीवी शो को भी टक्कर दें सकते हैं। इस सूची में 'खूबसूरत', 'मेघा बरसेंगे', 'मिश्री', 'दिल को तुमसे प्यार हुआ' और भी कई टीवी शोज का नाम शामिल है। कलर्स टीवी पर 'डोरी' सीरियल का दूसरा सीजन जल्द शुरू होगा। नए सीजन के साथ 'डोरी 2' सीरियल नई स्टारकास्ट के साथ जल्द ही टीवी की दुनिया में दस्तक देने वाला है। खास बात तो यह है कि इस सीरियल के लिए लीड एक्ट्रेस का नाम भी तय हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आशी सिंह 'डोरी 2' का हिस्सा नहीं बन सकती हैं। अभिनेत्री निहारिका चौकसे भी 'डोरी 2' में लीड रोल अदा करती दिखाई देंगी। हो सकता है कि यह शो जुलाई में ही शुरू हो जाए। कलर्स टीवी अपने नए शो 'खूबसूरत' से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। शो 'खूबसूरत' साधारण लड़की के सपनों की कहानी है, जिससे हर एक मुंबईवासी खुद को जुड़ा पाता है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है।

## नए टप्पू की सैलरी जान लगेगा झटका भव्य गांधी से डबल है एक्टर की फीस

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में नए टप्पू नितीश भलुनी की एंट्री हो चुकी है। नितीश को भी लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा कई सालों से लोगों का एंटरटेनमेंट करता आ रहा है। सबसे



पहले भव्य गांधी इस रोल को निभाते थे। तारक मेहता का उल्टा चश्मा की जब शुरुआत हुई थी तब इस किरदार को भव्य गांधी ने निभाया था। भव्य ने 2008 से लेकर 2017 तक ये रोल किया। उसके बाद उन्होंने शो छोड़ दिया क्योंकि वो फिल्मों में अपना हाथ आजमाना चाहते थे। रिपोर्ट्स की माने तो भव्य की फीस एक एपिसोड की 10000 रुपए थी। राज अनादकत ने भव्य को 2017 में रिप्लेस किया था। जब उन्होंने भव्य को रिप्लेस किया तो टप्पू के किरदार की फीस बढ़ गई। राज को एक एपिसोड के लिए 20000 रुपए मिलते थे। भव्य से राज की सैलरी डबल थी। पांच सालों तक ये किरदार निभाने के बाद राज ने भी ये शो छोड़ने का फैसला लिया। नए टप्पू यानी नितीश भलुनी को भी 20000 रुपए पर एपिसोड के लिए मिल रहे हैं।

# प्रभास ने 'स्टेपामार' को बताया 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग'

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल इस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के बाद हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को भी जारी कर दिया था, जिसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिली थी। वहीं, हाल ही में फिल्म का गाना 'स्टेपामार' भी रिलीज कर दिया है। कल्कि 2898 एडी अभिनेता प्रभास ने इस गाने की तारीफ की है और इसे 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग' बताया है। उन्होंने गाना शेयर करते हुए लिखा, "मेंटल एनर्जी सॉन्ग! राम और पुरी गारू की ओर से क्या एनर्जी है! इस डांस नंबर को नकाश अजीज, साहिती ने गाया है और इसे मोशिन ने लिखा है,




जबकि संगीत मणि शर्मा का है। इस फिल्म का पहला भाग साल 2019 में रिलीज हुआ था। इस साइंस फिक्शन- एक्शन फिल्म को पुरी जगन्नाथ ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल साबित हुई थी। इस फिल्म से अभिनेता के फैंस काफी उत्साहित थे और फिल्म बड़े पैमाने पर दर्शक बटोर पाने में सफल रही थी। फिल्म का निर्माण चार्मी कौर और पुरी जगन्नाथ ने पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले किया है। फिल्म में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त भी खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म में बानी जे, अली, गेटअप श्रीनु, सयाजी शिंदे, मकरंद देशपांडे, टेम्पर वामसी भी अहम भूमिका में दिखेंगे।

# थ्रिलर-सस्पेंस देखना चाहते हैं, तो देखिए ये पंजाबी वेब सीरीज, जो कर देंगी आपके रोंगटे खड़े ...

**मुंबई।** हिंदी वेब सीरीज से बोर हो चुके हैं तो देखिए ये बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज, जो एक्शन, थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर हैं। ये पंजाबी वेब सीरीज दुनिया भर में धूम मचा रही हैं। आपके लिए कुछ बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज लेकर आए हैं, जिसमें रणदीप हुड्डा अभिनीत 'कैट', सुरविंदर विक्की अभिनीत 'कोहरा' जैसी तमाम वेब सीरीज शामिल हैं।

'कैट' एक थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज है, जो पंजाब के ड्रग व्यापार के अंधेरे पहलू को उजागर करती है। पूर्व मुखबिर गुरनाम सिंह का किरदार रणदीप हुड्डा ने निभाया है, जो अपने भाई को बचाने के लिए फिर से इस खेल में शामिल होना पड़ता है। पुलिस अधिकारी सेहताब सिंह का किरदार सुविंदर विक्की ने निभाया है, जो अंडरकवर काम करते है। इस पंजाबी वेब सरीजी को आप नेटफ्लिक्स पर घर बैठे देख सकते हैं।



म्यूजिकल थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज 'चमक' पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के अंधेरे पक्ष को दर्शाती है। कनाडा से रैपर बनने की चाहत रखने वाला काला (परमवीर चीमा) जब पंजाब लौटता है, तो उसे पता चलता है कि उसके मशहूर गायक पिता तारा सिंह (गिप्पी ग्रेवाल) की स्टेज पर हत्या कर दी गई है। तारा अपने पिता की मौत के पीछे की सच्चाई को उजागर करते हुए न्याय की तलाश करता है।

हिंदी-पंजाबी थ्रिलर वेब सीरीज 'तब्बर' में दिखाया गया है कि एक परिवार किस हद तक अपना जीवन बीता सकता है। जालंधर में रहने वाले एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी ओमकार सिंह (पवन मल्होत्रा) की दुनिया तब उजड़ जाती है, जब उसका बेटा हैप्पी (गगन अरोड़ा) गलती से ट्रेन स्टेशन पर गलत बैग ले लेता है। यह बैग महीप सोढ़ी (कंवलजीत सिंह) का है, जो एक शक्तिशाली राजनेता का भाई है। टब्बार पारिवारिक वफादारी, धोखे और अपने प्रियजनों की रक्षा के लिए कितनी दूर तक जा सकता हैं, इसकी एक मनोरंजक कहानी है।

क्राइम थ्रिलर पर आधारित पंजाबी वेब सीरीज है 'कोहरा'। यह एक ऐसी वेब सीरीज है, जो एक हत्या के नतीजों पर आधारित है। ब्रिटिश-भारतीय दूल्हा कबीर (सौरव खुराना) ग्रामीण पंजाब में अपनी शादी से कुछ दिन पहले मुर्दा पाया जाता है। दो अलग-अलग पुलिस अधिकारियों, तेज और गंभीर सेहर (सुरविंदर विक्की) और आवेगी एसआई सुख ( बरुन सोबती ) को जांच में आगे बढ़ना होगा।

## अब इस एक्टर ने दे डाली 100 करोड़ी फिल्म, मुंज्या रही हिट

# गुजारा करने के लिए बेचना पड़ा घर, ट्रांसजेंडर बनकर सड़कों पर भी रहा

*इस एक्टर को बचपन में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ा। पिता बीमार हुए तो घर में भूखे मरने की नौबत आ गई। फिर घर तक बिक गया। काफी संघर्ष के बाद अब इस एक्टर ने 100 करोड़ी फिल्म दी है। हाल ही में रिलीज हुई हॉरर कॉमेडी 'मुंज्या'ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस कम बजट में बनी और बिना स्टार पावर वाली फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से खूब सराहना मिली। इसी के साथ 'मुंज्या'ने कई हफ्तों तक बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*

**नई दिल्ली।** 30 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा भी पार कर लिया है। वहीं, फिल्म को मिली इस जबरदस्त सक्सेस का सारा क्रेडिट इसके मजेदार कॉन्सेप्ट, लोककथाओं और हॉरर के मिश्रण के साथ-साथ बेहद पसंद किए गए लीड एक्टर अभय वर्मा को दिया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं अभय वर्मा को यहां तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा है।

### पिता की बीमारी के बाद बेचना पड़ा घर

25 साल के अभय को 'द फैमिली मैन'से पहचान मिली। उन्होंने कई फिल्मों और शो में छोटी भूमिकाएं निभाई हैं। 'मुंज्या'में एक्टर को लीड किरदार निभाने का मौका मिला और उन्होंने कमाल कर दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में अभय ने अपनी मिडिल क्लास परवरिश और आर्थिक तंगी का सामना करने का खुलासा किया। अभय ने बताया कि उनके पिता एक ज्वैलरी की दुकान चलाते थे, लेकिन जब अभय छठी कक्षा में थे, तब उनके पिता को पीलिया हो गया, जिससे उनके लीवर पर असर पड़ा और फिर उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। एक्टर ने बताया कि उनकी मां को उनके परिवार के लिए रोटी कमाने वाली बनना पड़ा। बढ़ते खर्चों के कारण, परिवार ने गुजारा करने के लिए अपना घर बेच दिया। तीन साल बाद अभय के पिता का निधन हो गया।



### 'मुंज्या' ने दिलाया स्टारडम

अभय के करियर की शुरुआत मनोज बाजपेयी-स्टारर द फैमिली मैन के दूसरे सीज़न में कल्याण के सपोर्टिंग रोल निभाने से हुई थी। भले ही वह स्क्रीन पर सिर्फ 3-4 सीन के लिए ही नजर आए लेकिन उनके अभिनय की तारीफ हुई। अब मुंज्या ने उन्हें स्टारडम दिला दिया है। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शरवरी और मोना सिंह भी हैं। इस फिल्म ने दुनिया भर में 123 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है और सिनेमाघरों में अभी भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

### रोल के लिए छिपकर सड़कों पर ट्रांसजेंडर बनकर रहे

19 साल की उम्र में एक्टर बनने का सपना लिए अभय मुंबई आ गए। उनके बड़े भाई अभिषेक भी टीवी शो में काम कर चुके थे। थोड़े संघर्ष के बाद अभय को रोल मिलने लगे। साल 2022 में, उन्होंने फिल्म सफेद में एक ट्रांसजेंडर की भूमिका निभाने के लिए साइन किया। इस रोल की तैयारी के लिए, अभय वाराणसी चले गए और एक ट्रांसजेंडर के रूप में कई हफ्तों तक वहां रहे। एक बार रात में लड़कों के एक समूह ने उन पर हमला करना चाहा था। बचने के लिए उन्हें अपनी असली पहचान बतानी पड़ी थी। बता दें कि संदीप सिंह द्वारा निर्देशित, सफ़ेद की पिछले साल ज़ी5 पर स्ट्रीमिंग हुई थी।

## खबर संक्षेप

### कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में छात्रा रितु का चयन



**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट एंड काउंसलिंग सेल (यूपीएसीसी) के सौजन्य से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की छात्रा रितु दहिया को चयनित किया गया है। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने चयनित छात्रा को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्राओं को रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयत्नशील है।

### स्टेशन पर जागरुकता अभियान चलाया



**गोहाना।** राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में भारत सरकार द्वारा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) बनाए जाने बारे जागरूक किया गया।

जीआरपी चौकी इंचार्ज एसआई बलवान सिंह ने बताया कि भारत सरकार ने आईपीसी को बीएनएस बना दिया है। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अनुमति मिलने के बाद इसे 1 जुलाई से लागू कर दिया गया है। इस कानून में लोगों को उनकी सुरक्षा के लिए नए अधिकार भी दिए गए हैं।

### डॉ. बीके गुप्ता संग 9 चिकित्सक सम्मानित



**गोहाना।** भारत विकास परिषद की गोहाना इकाई ने चिकित्सक दिवस पर आईएमए की गोहाना इकाई के अध्यक्ष डॉ. बीके गुप्ता समेत कुल 9 चिकित्सकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोहाना भाविप के अध्यक्ष एडवोकेट ललित गोयल ने किया तथा संयोजन इकाई सचिव प्रमोद गुप्ता का रहा। चिकित्सक दिवस पर जिन आठ अन्य चिकित्सकों को सम्मानित किया गया, उनमें शहर के नागरिक अस्पताल में दोनों एसएमओ-डॉ. संजय छिक्कारा और डॉ. दिनेश छिल्लर भी हैं।

### ग्राम सुधार समिति ने शिक्षक का किया सम्मान



**गोहाना।** ग्राम सुधार समिति खन्दराई ने सोमवार को गांव स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला के शिक्षक जयपाल लाठर को सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष जगमहेंद्र सिंह व समिति उपाध्यक्ष कुलदीप मेहरा ने पाठशाला में पहुंचकर शिक्षक को पुष्पगुच्छ भेंट किया।

समिति के अध्यक्ष जगमहेंद्र के अनुसार शिक्षक जयपाल लाठर को तारा देवी में एचडब्ल्यूबी कैंप संचालन के लिए एक अच्छे लीडर के रूप में कैंप कमीश्नर द्वारा सम्मानित किया गया था।

### फोन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित काबू

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने फोन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित रोहित उर्फ सुशा निवासी कबीरपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव शहजादपुर निवासी अजय ने गत 27 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह पैदल करीब 7 बजे सेक्टर-3 के मोड़ पर पहुंचा। उसके बाद वह सेक्टर-27 की तरफ जा रहा था। चौक से कुछ ही दूरी पर पहुंचा। उसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर आए युवक ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया। उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सका।

## बुटाना व जागसी में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# धान की सीधी बिजाई पर 4 हजार प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि मिलेगी

### कृषि विभाग ने मेरा पानी मेरी विरासत, जल शक्ति अभियान शुरू किया

**किसान पानी बचत के लिए धान की सीधी बिजाई करें: एसडीओ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** किसानों को संबोधित करते एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा। *फोटो : हरिभूमि*

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा मंगलवार को गांव बुटाना और जागसी में धान की सीधी बिजाई को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत जल संरक्षण की कृषि विभाग की महत्वपूर्ण योजना धान की सीधी बिजाई को लेकर आयोजित इन कार्यक्रमों में किसानों को धान की सीधी बिजाई करने का प्रशिक्षण दिया गया। कृषि विभाग द्वारा मेरा पानी मेरी विरासत, जल शक्ति अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत किसानों को धान की सीधी बिजाई करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। गांव बुटाना व जागसी में आयोजित कार्यक्रमों में किसानों को संबोधित करते हुए विभाग के गोहाना के एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा ने कहा कि पानी बचत के लिए धान की सीधी बिजाई करें। धान की सीधी बिजाई करने पर पानी की काफी बचत होती है और सरकार द्वारा प्रति एकड़ 4 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है। किसान धान की रोपाई करने की पानी की बचत के लिए सीधी बिजाई करें। कार्यक्रम में एसएमएस डॉ. रामधन और एटीएम मुकेश ने भी किसानों को जागरूक किया। सरपंच कुलदीप, जोरा सिंह, कृष्ण जागसी, राकेश जागसी, राजकपूर, एटीएम प्रवीन, सुपरवाइजर सवर्ण और एफएम सूरज मौजूद रहे।

### ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण कर किसानों को प्रेरित करें : डा. बलवान



**राई।** कृषि विज्ञान केंद्र सोनीपत के तत्वाधान में केंद्र की तीसवीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले के कृषि संबंधित अधिकारियों तथा केंद्र के वैज्ञानिकों ने प्रगतिशील किसानों के साथ हिस्सा लिया। केंद्र की वरिष्ठ समन्वयक डॉ विवेक सिंह ने केंद्र की गत वर्ष की वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन तथा वर्ष 2024-25 की वार्षिक कार्य योजना प्रस्तुत की। निदेशक ने वैज्ञानिकों का आह्वान किया कि वह इस वर्ष के तापमान को देखते अधिक से अधिक पौधारोपण करें तथा किसानों को भी प्रेरित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक वैज्ञानिक हर साल अपने साथ नए किस जोड़े, विस्तार शिक्षा निदेशक ने कृषि वैज्ञानिकों को सलाह दी कि वह किसानों के हित के लिए कार्य करें। कृषि में प्रयोग होने वाली नवीनतम तकनीकों का उल्लेख किया गया क्षेत्रीय निदेशक डॉ. आरपीएस देशवाल ने सुझाव दिया कि मानसून के मौसम में पौधारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# शिविर में 46 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** रक्तदाताओं को बैज लगाते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में सोमवार को 46 लोगों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। शहर में सोनीपत रोड टी प्वाइंट पर स्थित भगवान परशुराम चौक में यह शिविर दि न्यू इंडिया इश्यूरेंस कंपनी के सहयोग से आयोजित हुआ। ट्रस्ट द्वारा हर सप्ताह इसी चौक में रक्तदान शिविर आयोजित करके लोगों को समाजसेवा का संदेश दिया जाता है।

रक्तदान शिविर के मुख्यातिथि उजाला आज तक ट्रस्ट के एडवाइजर समाजसेवी सुल्तान सिंह सैनी थे। अध्यक्षता उषा गगनेजा और कंपनी के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अशोक कुमार ने की। संयोजन नेत्रदान और रक्तदान को समर्पित गोहाना की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था आहुति के संयोजक एवं स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास व कंपनी के व्यापार विकास प्रबंधक राहुल सिंह का रहा। शिविर में रोटरी ब्लड सेंटर सोनीपत की टीम रक्त संकलन के लिए पहुंची। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में श्याम सुंदर जिंदल ने रक्तदान किया। नियमित रक्तदाताओं में कर्मवीर, विनोद, बलवान सिंह, पंकज सिंह, बिजेंद्र, राकेश, अनिल, सुमित, मोहित, सतबीर सिंह, मोहन और मनोज शामिल रहे।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान मौजूद रक्तदाता व संस्था के पदाधिकारी सहित जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

### रक्तदाताओं को विभाग ने किया सम्मानित

**सोनीपत।** जिले में लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने व खुद बढ़-चढ़कर रक्तदान करने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले रक्तदाओं को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सम्मानित करने का काम किया गया। वहीं रक्तदान के लिए कैंप लगाने वाली संस्थाओं के पदाधिकारियों को भी स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सम्मानित किया गया है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. जयकिशोर ने कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महा दान है। उन्होंने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस 2024 के उपलक्ष्य में मंगलवार को नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में जिले प्रमुख रक्तदाताओं और ब्लड डोनेशन कैंप आगेनाइजर को सम्मानित किया गया। उन्होंने पहली बार रक्तदाता महिला मुस्कान, मंजू सैनी और नियमित रक्तदाता पूजा, अमन दहिया, विजेंद्र, कुंज, सचिन को सम्मानित किया। इसके अलावा मां भारती रक्तवाहिनी, आस्था फाउंडेशन, जन जीवन कल्याण समिति से धर्मवीर, जनहित अभियान फाउंडेशन, नरेन्द्र भूटानी आदि को भी सम्मानित किया। इस दौरान डिप्टी सिविल सर्जन डा. तरुण यादव, एमओ डा. भानु शर्मा, सुमनलता नर्सिंग अधिकारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### बहालगढ़ में महिला से सोने की चेन झपटी

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव नांगल खुर्द स्थित टीडीआई एस्पेनिया में महिला के गले से सोने की की चेन व लॉकेट के झपटने का मामला सामने आया है। महिला अपने फ्लैट से निकालकर आईसक्रीम खाने के लिए जा रही थी। उसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वीरजी पतंग वाली गली अमर भवन चौक पानीपत निवासी नताशा ने बताया कि वह फिलहाल टीडीआई एस्पेनिया में रहती है। वह सोमवार देर शाम अपने फ्लैट से पास ही गली में आइसक्रीम खाने जा रही थीं। जब वह दुकान के नजदीक पहुंची तो उनके पीछे से एक बाइक पर सवार दो युवक उनके पास पहुंचे। दोनों ने सिर पर हेलमेट लगा रखा था। इससे पहले ही वह कुछ समझ पाती एक युवक ने उनके गले से सोने से लॉकेट समेत चेन झपट ली। वारदात के अंजाम देकर दोनों भाग निकले। उन्होंने शोर भी मचाया, लेकिन झपटमार पकड़े नहीं जा सके। उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया।

# मरम्मत का कार्य समय पर करें, जरूरत के अनुसार ठोकरों का निर्माण करने के निर्देश

### एसडीएम ने बेगा घाट पर बाढ़ बचाव राहत कार्यों का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** यमुना के बेगा घाट का निरीक्षण करते एसडीएम डा. निर्मल नागर।

एसडीएम डा. निर्मल नागर ने मंगलवार को बरसाती मौसम शुरू होने से पहले यमुना नदी के बेगा घाट का निरीक्षण करते हुए बाढ़ बचाव राहत कार्यों का जायजा लिया। बेगा घाट पर ठोकरों के निर्माण के लिए 13 स्थानों को चिह्नित किया गया है। यह वह स्थान हैं जहां पिछले बरसात के कारण यमुना के तेज बहाव में सबसे अधिक कटाव हुआ था। निरीक्षण के दौरान पाया कि 13 में से 10 स्थानों पर ठोकरों का निर्माण पूरा हो चुका है। जबकि तीन जगहों पर ठोकरों का निर्माण चल रहा है। उन्होंने यमुना के बहाव, तीव्रता आदि को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। साथ ही पानी की अधिकता होने पर किये जाने वाले जरूरी प्रबंधों के बारे में भी जानकारी ली। ठोकरों का निरीक्षण करते अधिकारियों को निर्देश दिये कि ठोकरों की मरम्मत का कार्य समय पर करें।

### जन सम्पर्क कर पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया

**गन्नौर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने गांव बाय में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को गन्नौर हलके से जीत दिलाने पर आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने स्कूल वाली गली में लगे ट्रांसफार्मर को हटवाने के लिए उनका आभार जताया। नेहरा ने कौशल रोजगार निगम में लगे लाखों कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का समाज के अन्तिम व्यक्ति को सीधा लाभ पहुंच रहा है। इस मौके पर उनके साथ ओ बी सी मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिनेश स्वामी,मण्डल महामंत्री सुखबीर प्रजापति, बाएं गांव के पूर्व सरपंच रामपाल, भाखडपुर के पूर्व सरपंच भगतसिंह, मुन्नी देवी, पूर्व सरपंच बिमला देवी, रामदिया, जितेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# तीन रास्ते होंगे पक्के, किया शिलान्यास

- विधायक निधि कोष से निर्माण पर खर्च होंगे लगभग 96 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना




बनवासा से खोखरा वाले रास्ते का शिलान्यास करते विधायक इंदुराज नरवाल।

बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल द्वारा तीन रास्तों का शिलान्यास किया। तीनों कच्चे रास्ते पक्के होंगे जिनके निर्माण पर लगभग 96 लाख रुपये खर्च होंगे। तीनों रास्तों का निर्माण विधायक निधि कोष से होगा। विधायक ने बरोदा हलका क्षेत्र के गांव बनवासा में खोखरा वाले रास्ते, दुनिया वाले रास्ते और गांव रिंढाणा से अकालगढ़ वाले रास्ते का शिलान्यास किया। इन तीनों रास्तों को पक्का किया जाएगा जिनके निर्माण पर क्रमशः 38.86 लाख रुपये, 36.20 लाख रुपये और 20 लाख रुपये खर्च होंगे। विधायक इंदुराज नरवाल ने श्री श्री 1008 श्री महंत बाबा भलेगिरी महाराज जी महाराज के आशीर्वाद प्राप्त करके इन तीनों रास्तों का शिलान्यास किया। इस मौके पर सरपंच चांद नरवाल, सरपंच सत्यवान वाल्मीकि ,सरपंच टेकराम नरवाल, पूर्व सरपंच विकास नरवाल उर्फ धौला, पंचायत समिति सदस्य सुरेश नरवाल, कृष्ण नंबरदार, बिजेंद्र सिंहरोहा, धर्मबीर, राजकुवार, पवन, रमेश, रोहताश, राममेहर, कुलदीप, मोनू व राहुल आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



**सोनीपत।** मरीजों की जांच करते चिकित्सक। *फोटो : हरिभूमि*

### कैंप में 160 मरीजों की जांच, 13 के होंगे ऑपरेशन

**सोनीपत।** अग्रवाल धर्मशाला गुड़ मंडी में दी महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया गया। जिसमें दिल्ली के वेणु आई इंस्टिट्यूट व रिसर्च सेंटर से चिकित्सकों की टीम ने निशुल्क आंखों का चेकअप किया। इस दौरान कुल 160 मरीजों की जांच की गई, जिसमें से 13 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई। इन मरीजो को आज टीम के साथ ऑपरेशन के लिए भेजा गया। जरूरतमंद मरीजों के लिए मुफ्त में चश्मे का प्रबंध किया गया। कैम्प में वर्मा लैब द्वारा मरीजों की शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच मुफ्त मे की गई व सरकारी हस्पताल की टीम द्वारा हीमोग्लोबिन की जांच की गई। इस मौके पर संजय सिंगला, समिति के महासचिव ओडी गर्ग, कैम्प इंचार्ज प्रदीप गोयल, दयाराम जैन, डॉ. राजेश गुप्ता, राजीव गर्ग, लक्ष्य गोयल, आशु मंगला, साहिल मित्तल, श्याम सुन्दर मित्तल, संजय वर्मा, वाईके त्यागी, बलराज वशिष्ठ, मनीष बंसल व डॉ. टीम के इंचार्ज सुभाष यादव, डॉ. योगेंद्र कुमार सिंह, अंकुर शर्मा, सद्दाम, दीपा सिंह, वंशिका व अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त पर वैलिक को दी विदाई

- एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन वर्षा शर्मा व सिविल जज जूनियर डिविजन पुनीत लिंबा ने शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



एसडीजेएम वर्षा शर्मा व सिविल जज जूनियर डिविजन पुनीत लिंबा कुड़ेमल शर्मा को स्मृति चिन्ह देते हुए।

गन्नौर अदालत में कार्यरत वैलिक के पद पर तैनात कुड़ेमल शर्मा 33 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृति के उपलक्ष्य में अदालत के सभागार में सेवानिवृत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें गन्नौर अदालत के एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन वर्षा शर्मा व सिविल जज जूनियर डिविजन पुनीत लिंबा ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर अदालत के स्टाफ ने एसडीजेएम व जेएमआईसी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। सेवानिवृत हो रहे कुड़ेमल शर्मा का स्टाफ ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन वर्षा शर्मा ने वैलिफ की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि कुड़ेमल ने अपना कार्य हमेशा ईमानदारी, लग्न व मेहनत से किया। सिविल जज जूनियर डिविजन पुनीत लिंबा ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सरकारी कर्मी को एक दिन सेवानिवृत्त होना सुनिश्चित होता है। कूड़ेमल शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सरकारी अधिवक्ता हरपाल, मनोज व नाजिर सुरेश, रीडर सतीश, रीडर मोहन अत्री, रीडर भूपेन्द्र, मुकेश राठी, राकेश यादव के अलावा अदालत का अन्य स्टाफ मौजूद था।



**सोनीपत।** प्रतिभागी शिक्षकों, प्राचार्या के साथ आमंत्रित वक्तागण। *फोटो : हरिभूमि*

### बाल मनोविज्ञान पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल मनोविज्ञान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। दिव्यांगी मित्तल, वरिष्ठ एसोसिएट मनोवैज्ञानिक और चेतना वशिष्ठ, एसोसिएट मनोवैज्ञानिक द्वारा /"मैस्लो बिफोर ब्लूम/" नाम से आयोजित इस कार्यशाला में शिक्षकों को जरूरी जानकारी दी गई। सत्र को उच्च क्रम सोच कौशल पर ध्यान केंद्रित करने से पहले छात्रों की बुनियादी जरूरतों के महत्व पर जोर देने के लिए डिजाइन किया गया था। व्यावहारिक गतिविधियों, केस स्टडी के माध्यम से, उन्होंने शिक्षकों को यह पहचानने के लिए निर्देशित किया कि छात्रों की मनोवैज्ञानिक सुरक्षा, प्यार/अपनापन, आत्म-साक्षात्कार और सम्मान की आवश्यकता को पूरा करना, सीखने के लिए अनुकूल वातावरण बनाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे बुनियादी जरूरतों को पूरा न करने से छात्रों की क्षमता पर उनके शिक्षण में ब्लूम के वर्गीकरण को लागू करने से पहले प्रभाव पड़ता है। सत्र शिक्षकों के लिए प्रश्न पूछने और अपने अनुभव साझा करने के लिए खुले मंच के साथ समाप्त हुआ। प्राचार्या किरण दलाल ने सभी का धन्यवाद किया।

## अंडर-23 एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में स्वर्ग पदक जीता

# पदक जीतकर लौटे अनिरुद्ध का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** स्वर्ण पदक जीतकर स्वदेश लौटे अनिरुद्ध गुलिया का दिल्ली हवाई अड्डे पर स्वागत करते राजेश पहलवान व खेलप्रेमी। *फोटो : हरिभूमि*

जोर्डन में आयोजित अंडर-23 एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में 125 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर स्वदेश लौटे अनिरुद्ध गुलिया का दिल्ली हवाई अड्डे पर खेल प्रेमियों ने भव्य स्वागत किया। मंगलवार को जब अनिरुद्ध और अभिमन्यु ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 पर कदम रखा, तो ढोल-नगाड़ों और लड्डुओं से उनका स्वागत हुआ। स्वागत समारोह में संदीप गुलिया, सतेंद्र, महावीर विकास मलिक, कोच जूनियर वारंट ऑफिसर जयवीर गुलिया, कोच जयवीर दहिया, कोच नरेंद्र खुड्डन, कोच नरेश मान, सुंदर, पुरखास राठी सरपंच प्रतिनिधि सुनील जांगड़ा, छत्रसाल स्टेडियम के पद्मश्री सतपाल पहलवान, ललित कोच, अनिरुद्ध गुलिया और अभिमन्यु शामिल हुए। हरियाणा के युवा कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के पूर्व उपाध्यक्ष व पहलवान के चाचा राजेश पहलवान पुरखासिया ने अनिरुद्ध की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अनिरुद्ध के पिता, दादा और पड़दादा भी पहलवान रहे हैं, और यह खेल उसे विरासत में मिला है।

उनके पिता बलवान गुलिया का सपना था कि उनका बेटा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहलवानी में नाम कमाए और आज अनिरुद्ध ने यह सपना पूरा कर दिखाया। अनिरुद्ध ने बताया कि उसने अपनी पहली कुश्ती उज्बेकिस्तान के पहलवान को 5-0 से, दूसरी कुश्ती कजाकिस्तान के पहलवान को 4-1 से हराई। फाइनल मुकाबले में उसने सीरिया के पहलवान को 10-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। अनिरुद्ध के कोच जयवीर दहिया ने कहा कि अनिरुद्ध ने जो प्रशिक्षण यहां प्राप्त किया, उसे उसने वहां लागू किया और इसीलिए सफल हुआ। कोच नरेंद्र खुड्डन ने कहा कि अनिरुद्ध के अंदर अनुशासन, समर्पण और दृढ़ इच्छाशक्ति का शानदार मेल है, जो उसकी सफलता का मूल मंत्र है।



**सोनीपत।** विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करती प्राचार्या साथ में अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### खिलाड़ियों ने पिकल बॉल नेशनल रैंकिंग में जीते पदक

**सोनीपत।** पानीपत में 28 जून से 30 जून तक आयोजित राष्ट्रीय रैंकिंग पिकल बॉल चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल के होनहार खिलाड़ियों ने एकल व युगल प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण 3 रजत व 8 कास्य पदक जीतकर अपने विद्यालय व प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 175 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बालिका एकल वर्ग में चहक, देवांशी, हर्षिता, हिमांशी, नायशा, एंजल, काशवी व रिजुल ने अपने दमदार खेल का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही बालक वर्ग में रिदम चावला, प्रतीक, संयम, अक्षित, विदित, निशांत व प्रिंस व रियांश ने भी अपने आयु वर्ग के युगल मुकाबले में तीसरा स्थान प्राप्त कर 8 कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बालिका वर्ग में देवांशी व बालक वर्ग में रिदम चावला को जूनियर एशियन टीम में ट्रायल के लिए चयनित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने विजयी खिलाड़ियों का विद्यालय पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी।

**खबर संक्षेप**

### चोरों ने ग्रामीण के घर में सेंध लगा नकदी चुराई

**गोहाना।** गांव ककाना भादरी में चोरों ने ग्रामीण के घर में सेंध लगा दी। चोर आभूषण व नकदी चुरा ले गए। ग्रामीण व उसके स्वजन सुबह जगे तो चोरी का पता चला। सदर थाना में मामला दर्ज किया गया।

ग्रामीण दिनेश ने पुलिस को बताया कि रविवार रात को वह और उसके स्वजन घर पर थे। वह रात लगभग साढ़े 12 बजे पशुओं को चारा डालकर सो गया था। अगले दिन सुबह जगे तो सामान बिखरा मिला। चोर सोने की तीन अंगुठी, एक मंगलसूत्र, सोने की पत्री, कानों के दो जोड़ी बाले, चांदी की दो चेन, चार जोड़ी पाजेब, एक हथफूल, एक तागड़ी, दो जोड़ी चुटकी और 18,500 रुपये चोरी कर ले गए। उन्होंने चोरों की तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा। इस पर पुलिस को शिकायत दी। सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया।

### युवक ने दुकानदार पर चलाई गोली

**खरखौदा।** पहलादपुर गांव में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने दुकानदार पर गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली दुकान के शटर में जा लगी और दुकानदार बाल बाल बच गया। गोली चलाने के बाद दोनों युवक मोटरसाइकिल पर फरार हो गए। सिसाना निवासी सूरज मोहन ने बताया कि उसने पहलादपुर गांव के मुख्य बस स्टैंड पर दवाइयों की दुकान की हुई है। रात्रि को 9 के करीब वह अपने बेटे अजय के साथ दुकान को बंद कर रहा था। इसी दौरान दो युवक मोटरसाइकिल पर वहां पर आ गए। मोटरसाइकिल के पीछे बैठे युवक ने जान लेवा हमला करते हुए उस पर गोली चला दी। जिसमें वह बाल बाल बच गया। जब उन्होंने शोर मचाया तो दोनों युवक मोटरसाइकिल लेकर भाग गए। पुलिस ने युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रुपये व मोबाइल छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** राई थाना पुलिस ने रुपये व मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुलभ निवासी आजमगढ़ हाल में रामनगर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

शहजादपुर जिला मेवात नूंह निवासी सलीम ने गत 14 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह गाड़ी पर चालक के तौर पर नौकरी करता है। गत 14 मई को को वह गाड़ी लेकर केएमपी पर पहुंचा। जहां जीरो प्वांइट के पास गाड़ी खड़ी करके सो गया। रात करीब 1.15 बजे तीन-चार युवक आए। उससे गाड़ी एक्सीडेंट करके भागने का आरोप लगाया। उसके साथ मारपीट करने लगे। उसके बाद उसकी जेब से तीन-चार हजार रुपये की राशि व मोबाइल सहित गाड़ी की चाबी लेकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

#### कई जगह हो रही केवल खानापूर्ति, कर्मचारी नदारद

# समस्या समाधान शिविर में 1576 में से 368 का समाधान, 1208 लंबित

- मंगलवार को भी 161 शिकायतों में से केवल 10 का ही हो पाया समाधान
- समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने सुनी नागरिकों की समस्याएं
- समाधान शिविर में 161 शिकायतें दर्ज हुई, उपायुक्त ने अधिकारियों के दिए तुरंत एक्शन लेने के निर्देश
- नागरिक अपनी समस्याओं को समाधान शिविर में लेकर आए, समाधान होगा सुनिश्चित-उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर कुछ दिनों से लंबित शिविर बनते जा रहे हैं। आए दिन शिकायत तो सैकड़ों आ रही हैं, लेकिन मौके पर समाधान केवल नाममात्र का ही हो रहा है। वहीं कुछ जगहों पर तो समाधान शिविर को केवल खानापूर्ति की तरह आयोजित किया जा रहा है। जिसका स्पष्ट उदाहरण सोमवार को खरखौदा में उपायुक्त के औचक निरीक्षण में मिल गया था। जहां पर एसडीएम समेत अधिकारीगण गैर हाजिर पाए गए थे। अगर आंकड़ों की बात भी करें तब भी समाधान शिविर को लंबित शिविर का ही नाम दिया जा सकता है। क्योंकि अब तक लगाए गए 16 समाधान शिविर में कुल 1576 शिकायतें आई हैं, जिनमें से केवल 368 शिकायतों का ही मौके पर समाधान संभव हो पाया है। वहीं 1208 शिकायतें लंबित की श्रेणी में रखी गई हैं। इस आंकड़े से स्पष्ट हो जाता है कि समाधान शिविर में मौके पर 20 प्रतिशत के आसपास ही शिकायतों का समाधान हो रहा है।


सोनीपत। लोगों की समस्या सुनते अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

बता दें कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों पर 10 जून से हर जिले में समाधान शिविर का आयोजित किया जा रहा है। हर कार्य दिवस पर जिला स्तर पर उपायुक्त तो उपमंडल स्तर पर उपमंडलीय अधिकारी (एसडीएम) की देखरेख में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। सुबह 9 बजे से 11 बजे तक लगाए जा रहे समाधान शिविर में लोग अपनी-अपनी शिकायतें लेकर भी पहुंच रहे हैं। लेकिन जिस प्रकार सरकार की मंशा थी कि शिविर में मौके पर लोगों को समाधान मिले, वैसा नजर नहीं आ रहा। आए दिन शिकायतों की संख्या तो अच्छी खासी होती है लेकिन समाधान का आंकड़ा काफी कम रहता है। वहीं मंगलवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने लघु सचिवालय परिसर स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई की। उन्होंने शिविर में मौजूद अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं का समाधान त्वरित आधार पर करने के लिए तुरंत एक्शन लेने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर के दौरान नागरिक परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, और अन्य सरकारी योजनाओं तथा पुलिस विभाग से जुड़े मुद्दे लेकर पहुंचे। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा, डीसीपी मनवीर, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम अमित कुमार, नगराधीश पूजा कुमारी, डीआरओ हरिओम अत्री, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

**आज आई 161 शिकायतें, 10 का ही हुआ समाधान**

मंगलवार को भी जिले में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसके तहत सोनीपत के लघु सचिवालय में उपायुक्त तो खरखौदा, गन्नौर और गोहाना के लघु सचिवालय में संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में लोगों की शिकायतें सुनी गई। मंगलवार को जिले भर में कुल 161 शिकायतें सामने आई। जिसमें से केवल 10 शिकायतों का ही समाधान संभव हो पाया, जबकि 151 शिकायतें लंबित रखी गई हैं।

**49 पीपीपी और आधार कार्ड से संबंधित**

मंगलवार को समाधान शिविर में सबसे अधिक शिकायतें परिवार पहचान पत्र और आधार कार्ड से संबंधित थी। इस श्रेणी में कुल 49 शिकायतें आई, जिसमें से केवल 1 का समाधान हुआ, 48 लंबित रखी गई हैं। वहीं 24 शिकायतें रजिस्ट्री व इंतकाल से संबंधित पाई गई, इसमें से 1 का समाधान हुआ, बाकि लंबित रखी गई। इसके अलावा 22 शिकायतें विकास से संबंधित थी, जिसमें से 2 का समाधान हुआ और 20 लंबित रखी गई। बिजली से संबंधित 11, अपराध से संबंधित 9, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 4, नगर पालिका खरखौदा से संबंधित 4 शिकायतें आई, जिसमें से किसी का भी समाधान नहीं हुआ।

**सोमवार को किया था औचक निरीक्षण**

बता दें कि सोमवार को ही उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने खरखौदा स्थित लघु सचिवालय में पहुंचकर समाधान शिविर का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान एसडीएम खरखौदा समेत कई अधिकारी अनुपस्थित पाए गए थे। जिस पर उपायुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी थी। इसी दौरान स्टाम्प विक्रेताओं से संबंधित फाइल दबाकर रखने के आरोप में लिपिकों को चार्जशीट किया गया था।

### स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी

**गोहाना।** बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में उपलब्ध स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। दोनों पाठ्यक्रमों में दाखिले की इच्छुक छात्राएं 3 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल ने बताया कि विभाग में 12वीं कक्षा उ ती ण छात्राओं के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के तहत बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (ऑनर्स) पाठ्यक्रम में 50 सीटें उपलब्ध हैं। वहीं पीजी पाठ्यक्रम मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स में 30 सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

- बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (ऑनर्स) पाठ्यक्रम में 50 सीटें उपलब्ध
- मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स में 30 सीटें उपलब्ध

फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स थ्याठ्यक्रम करने के पश्चात शारीरिक शिक्षा शिक्षक, प्रशिक्षक, एरोबिक्स, योग, पोषण विशेषज्ञ, प्राकृतिक चिकित्सा, खेल मनोविज्ञान, खेल पत्रकार, खेल आयोजक/ प्रस्तुतकर्ता, फिटनेस प्रशिक्षक आदि क्षेत्रों में रोजगार की बेहतरीन संभावनाएं हैं।

## एमएसपी गारंटी कानून बनने तक जारी रहेगा किसान आंदोलन : दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। खरखौदा

भारतीय किसान नौजवान यूनियन की जिला स्तरीय बैठक महासचिव समुंदर तोमर की अध्यक्षता में गोरड़ में हुई। खरखौदा ब्लॉक प्रधान बेदी दहिया ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा किसान मजदूर मोर्चा के निर्णय के अनुसार आगामी 8 जुलाई को देश में सभी सांसदों को मांग पत्र सौंपा जाएगा, जो भाजपा के सांसदों को नहीं दिया जाएगा। जिसके माध्यम से संसद में एमएसपी गारंटी कानून का मुद्दा उठाने की मांग की जाएगी। जिला प्रधान वीरेंद्र शामड़ी ने कहा कि किसानों की नाराजगी का कारण भाजपा को लोकसभा चुनाव में ग्रामीण इलाकों में भारी नुकसान उठाना पड़ा है और अब भी एनडीए सरकार अपनी किसान विरोधी नीतियों में कोई बदलाव नहीं कर रही है। सभी किसानों ने संकल्प लिया है कि जब तक एमएसपी गारंटी कानून नहीं बनेगा तब तक किसान आंदोलन जारी रहेगा।


खरखौदा। बैठक में पहुंचे किसान यूनियन से जुड़े नेता व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

युवा जिला प्रधान प्रवीण दहिया ने कहा कि सितंबर माह में हरियाणा में राष्ट्र स्तरीय महापंचायत की जाएगी। जिसमें देश भर के किसान बड़ी संख्या में शामिल होंगे। प्रस्तावित महापंचायत की सफलता के लिए पदाधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। इस मौके पर अभिमन्यु कोहाड़ , इंद्रजीत राणा, प्रधान अशोक सहरावत ,राजेंद्र राणा, शक्ति दहिया, प्रवेश दहिया आदि मौजूद रहे।

### त्रिवेणी लगाकर समर कैंप की शुरूआत की



**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली सोनीपत में 7 दिवसीय समर कैंप के अंतर्गत प्राचार्य स्टेट अवॉर्डी कुलदीप सिंह चौहान एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेरना की प्राचार्य शक्ति अहलावत द्वारा एक त्रिवेणी लगाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य कुलदीप सिंह चौहान ने बच्चों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के महत्व के बारे में बताया कि पेड़ हमारे पर्यावरण को बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## 10 आवेदनों पर हुई चर्चा, दिए दिशा-निर्देश

- जिला सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की हुई बैठक, उपायुक्त ने की अध्यक्षता
- जिन पीड़ितों को सहायता राशि उपलब्ध नहीं हुई है उन्हें तुरंत सहायता राशि उपलब्ध करवाएं : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

अनुसूचित जातियों-जनजातियों की सुरक्षा व अत्याचार निवारण के उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम एक्ट के तहत पीड़ितों द्वारा किए गए आवेदन पर उचित कार्रवाई करते हुए उन्हें तुरंत सहायता मुहैया करवाएं।

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक में संबंधित विभाग को प्राप्त 10 आवेदनों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन पीड़ितों को सहायता राशि उपलब्ध नहीं हुई है उन्हें तुरंत सहायता राशि उपलब्ध करवाएं।



सोनीपत। बैठक करते हुए अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त ने अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर एसीपी राहुल देव, जिला कल्याण अधिकारी राजबीर शर्मा सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### कैदी संदीप को सोमदत्त ने दिया नशीला पदार्थ

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र स्थित जिला अदालत ने हत्या प्रयास व हत्यारोपित बंदी को पेशी पर चरस देने का मामला सामने आया है। पुलिस मादक पदार्थ देने वाले व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एएसआई पवन कुमार ने बताया कि वह ऐस्कोर्ट गार्द में सोनीपत में तैनात है। गत 1 जुलाई को वह सोनीपत कोर्ट में पेश करने के लिए जिला अदालत से बंदियों को लेकर आया था।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा संसद में हिन्दू समाज को हिंसक कहे जाने के ब्यान से भड़के भारतीय जनता पार्टी कार्यकताअरं ने राहुल गाँधी का पुतला फूंका और देश के हिन्दू समाज से माफी मांगने की मांग की अन्यथा सनातन प्रेमी संस्थाएं एकत्रित होकर आंदोलन चलाएंगी। भाजपा कार्यकर्ता मंगलवार को पुरखास अड्डे पर एकत्रित हुए और मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी तथा राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन करके राहुल गांधी के पुतले की जूतों से पिटाई की और फिर आग के हवाले कर दिया। भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि राहुल गांधी के ब्यान से देश के 120 करोड़ हिन्दुओं की भावनाएं आहत हुई। कांग्रेस ने हमेशा धर्म, जात-पात कि राजनीती के माध्यम से भाईचारा खराब करने का काम किया है और कांग्रेस की


सोनीपत। राहुल गांधी का पुतला फूंकते हुए भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

मानसिकता एक पक्ष को खुश करने के लिए हिन्दू विरोधी रही है। इस दौरान जिला महासचिव नवीन मंगला, मंडल अध्यक्ष मुकेश बत्रा, सुरेश कथूरिया, रजत जैन, राजकुमार शर्मा, पवन स्वामी, अशोक कुमार, सुरेंद्र प्रजापत, मनोज गुप्ता, नरेंद्र पटवारी, अनिल ग्रोवर, ब्रह्मप्रकाश राठी, मुकेश, बलबीर सिंह, कृष्ण, संजय, लक्ष्मण, धर्म प्रकाश, हरीश खटीक आदि उपस्थित रहे।

## शिविर में 25 दिव्यांगों को वितरित किए कृत्रिम अंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

सेफ इंडिया फाउंडेशन ने हिसार की संस्था लाला देवी चंद ग्रोवर निशुल्क कृत्रिम अंग निर्माणशाला के सहयोग से कृत्रिम अंग कैंप लगाया। फाउंडेशन आज 2 नये दिव्यांगों का नाप लिया गया। इसके अलावा 19 मई को लगाए गए कैंप में लिए गए नाप वाले 25 दिव्यांगों को कृत्रिम अंगों का वितरण किया गया। जिनमें 8 पैर, 2 हाथ, 11 क्लिपर, 4 बैशाखी व 1 वाकर निशुल्क दिए गए। हिसार से आये खुशी राम


सोनीपत। दिव्यांगों के साथ फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

गोयल, प्रदीप, रामफल, विक्रम, रामकिशन ने विकलांगो को यह अंग पहनाये व उनका प्रयोग करना सिखाया। इस अवसर पर चेयरमैन वाईके त्यागी व प्रधान संजय सिंगला, संजय वर्मा, बलराज वशिष्ठ, मनीष बंसल, प्रदीप गोयल, प्रवीण गोयल, नीटू, दयाराम जैन आदि मौजूद रहे। इन दिव्यांगों की आंखों की जांच, शुगर व हीमोग्लोबिन की जांच भी मुफ्त में करवाई गई। कैंप मे महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति का विशेष सहयोग रहा।

### गोशाला में चारा डालकर क्लब के नए सत्र की शुरूआत की



गन्नौर। रोटरी क्लब आफ रायल के सदस्यों ने पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री गोशाला में गायों को हरा चारा डाल कर क्लब के नए सत्र की शुरूआत की। क्लब के नवनियुक्त प्रधान रजत जैन ने कहा कि सनातन धर्म में गोमाता को सबसे उंचा दर्जा दिया गया है। क्लब मानव सेवा के साथ-साथ पशु और पक्षियों की भी हर प्रकार से सेवा करेगा। इस मौके पर प्रोजेक्ट चेयरमैन श्वेत मित्तल, अंकित गोयल, पूर्व अध्यक्ष जतिन जैन, अजय त्यागी, कोषाध्यक्ष गौरव जैन, नितिन बंसल, प्रवीण मित्तल, सचिन वधवा आदि मौजूद रहे।

### नव संकल्प कार्यक्रम से रोटरी क्लब ने की शुरूआत



**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अरडेंट ने अपने नव वर्ष 2024-25 की शुरूआत /"नव संकल्प/" कार्यक्रम से की। क्लब के नव निर्वाचित प्रधान राजेश कटारिया और सचिव डॉ. राजन मक्कड़ ने मॉडल टाउन स्थित ठाकुर द्वार मंदिर में भगवान का आशीर्वाद लेकर संकल्प लिया कि वे क्लब के माध्यम से सामाज में विभिन्न सेवा कार्य करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक सुधीर एवं श्वेता खुराना रहे। इस अवसर पर सतीश चोपड़ा, संजय, अतुल, आशु, संजय अंतिल, दीपक, विक्रम, प्रमोद, शशि पाल, अंकुश, निखिल, पुनीत, संदीप, अंकित आदि मौजूद रहे।

#### आगामी आंदोलन को लेकर लिए निर्णय पर की बातचीत

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की बैठक में मांगों पर की चर्चा

- अध्यक्षता जिला सचिव विजेंद्र दहिया ने की व मंच संचालन जिला कैशियर अनिल ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन की एक मीटिंग सर्व कर्मचारी संघ के जिला कार्यालय सोनीपत में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला सचिव विजेंद्र दहिया ने की व मंच संचालन जिला कैशियर अनिल शर्मा ने किया। राज्य कार्यकारिणी के निर्देश अनुसार राज्य कैशियर अनिल शर्मा ने मुख्य वक्ता के तौर पर राज्य



सोनीपत। बैठक करते हुए यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

कार्यकारिणी द्वारा 16 जून को रोहतक हुई मीटिंग में आगामी आंदोलन को लेकर जो निर्णय लिए गए उस पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्यतः सरकार द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को कमान कैडर 2018 के नाम पर पिछले 5 साल से गुमराह किया जा रहा है, सरकार के पास कमान कैडर 2018 के तहत कर्मचारियों के पदोन्नति को लेकर कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई है, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन ने अनेकों बार पत्र व ज्ञापनों के माध्यम से सरकार को प्रमोशन समय सीमा 5 वर्ष से घटकर 2 वर्ष करने, तृतीय श्रेणी के पदों में कोटा बढ़ाकर 20% से 50% करने की मांग कई बार रखी है पशुपालन विभाग में खाली पड़े पदों को पदोन्नति से भरे जाएं, स्वीपर कम चौकीदार के पदों पर भर्ती की जाए आदि शामिल रहे। उन्होंने बताया कि बार-बार यूनियन द्वारा पत्र लिखने पर भी जिले में कंफर्मेशन लिस्ट जारी नहीं की गई है इन सभी कारणों से कर्मचारियों में भारी रोष है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने हमारी मांगों का समय रहते समाधान नहीं किया तो आगामी चुनाव से पहले राज्य स्तरीय बड़े आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ से जय भगवान दहिया, सिलक राम मालिक ओमप्रकाश मलिक, आनंद हुड्डा, अरुण, सन्नी, सागर, अमित, विशाल, कुलदीप, मनोज दहिया आदि मौजूद रहे।

### खेत से घर लौटे रहे किसान से मारपीट

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव गुहणा में खेत से घर लौट रहे किसान पर हमला करने व बीच-बचाव करने आए उसके भाई को पीटकर घायल करने का मामला सामने आया है। किसान ने हमलावरों से झगड़े के दौरान हथियार को छीन लिया। उसे पुलिस के हवाले किया है। पुलिस ने किसान के बयान पर आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वारदात के बाद से हमलावर फरार है। पुलिस टीमें उनका पता लगाने के लिए दबिश दे रही है। गांव गुहणा निवासी प्रदीप ने बताया कि वह गत 1 जुलाई को रात करीब 11 बजे खेत में काम करके वापिस अपने घर आ रहा था। रास्ते में मनबीर, सोनू गांव नयावास मिले।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028